नया इंडिया
राजस्थान
भीलवाड़ा

## सूने मकान से बदमाश चुरा ले गए लाखों का माल

**भीलवाड़ा।** जिले के फूलियाकलां थाना इलाके से चोरों ने दिनदहाड़े एक सूने मकान को निशाना बनाकर नकदी व गहनों पर हाथ साफ कर लिया। वारदात से ग्रामीण सहमे हुये है। पुलिस ने चोरी की रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी। दरअसल, बांसेड़ा गांव में चोरों ने सूने मकान पर धावा बोला। गृहस्वामी व परिवार के लोग खेत पर गये थे। दीवार फांदकर घुसे चोरों ने मकान से 1.70 लाख रुपये की नकदी व सोने-चांदी के गहने चोरी कर लिये। वारदात का पता चलने पर गृहस्वामी खेत पर पहुंचा। सार-संभाल करने पर नकदी व गहने गायब देखकर परिवार के लोग सकते में आ गये। बाद में रामप्रसाद पुत्र कजोड़ ने थाने में रिपोर्ट दी।

## सर्पदंश से युवक की मौत

**भीलवाड़ा।** नवलपुरा गांव के एक युवक की खेत पर जहरीले जंतु के काट लेने से मौत हो गई। पुलिस ने पोस्टमार्टम करवाने के बाद शव परिजनों को सौंप दिया। बागोर पुलिस के मुताबिक नवलपुरा निवासी बालूलाल पुत्र भैरूलाल कुम्हार ने रिपोर्ट दी कि उसका भाई मगनीराम पुत्र भैरूलाल कुम्हार खेत पर चारा लेने गया। लेकिन वह लौटकर नहीं आया। परिवादी जब खेत पर गया तो उसे मगनीराम अचेतावस्था में मिला। मगनीराम को बागोर अस्पताल ले जाया गया, जहां डॉक्टर्स ने उसे मृत घोषित कर दिया। सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची और घटना की जानकारी लेने के बाद शव का पोस्टमार्टम करवाया। मगनीराम की मौत, जहरीले जंतु के काटने से होना बताई गई है। पुलिस ने शव परिजनों को सौंपते हुये जांच शुरू कर दी।

## अचेतावस्था में युवक को छोड़ा जंगल में

**भीलवाड़ा।** शाहपुरा थाने के एक गांव से युवक को धोखा लगाने के बहाने जंगल में ले जाकर हमला करने के बाद अचेतावस्ता में फेंकने के बाद हमलावर फरार हो गये। युवक का उपचार करवाते हुये पीड़ित के भाई ने थाने में रिपोर्ट दी है।

# शांतिपूर्वक मनाये त्यौहार, व्यवस्था में करे प्रशासन का सहयोग : मोदी

जिला कलक्टर व पुलिस अधीक्षक ने किया रूट मार्च, सौहाद्र्धपूर्वक त्योहार मनाने की अपील।



**भीलवाड़ा ■ संवाद सूत्र**
जिले में आगामी त्योहारों के मद्देनजर कानून व शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए शुक्रवार को जिला कलक्टर आशीष मोदी व जिला पुलिस अधीक्षक आदर्श सिधू के नेतृत्व में जिला प्रशासन व पुलिस प्रशासन ने संयुक्त रूट मार्च किया। जिला कलक्टर ने बताया कि रूट मार्च का मुख्य उद्देश्य है आगामी त्योहारों के दौरान कानून व शांति व्यवस्था कायम रखते हुए सौहाद्रपूर्ण वातावरण में त्योहार आयोजित हो । मोदी ने जिलेवासियों को शांतिपूर्वक त्यौहार मनाने में प्रशासन का सहयोग करने की अपील की जिससे कि किसी भी समुदाय की सांप्रदायिक व धार्मिक भावनाओं भावनाएं आहत ना हो व सामाजिक सौहार्द बना रहे । रूट मार्च के दौरान मोदी ने विभिन्न प्रतिष्ठानों व व्यापारियों से बात की एवं आगामी त्यौहार के मध्यनजर शांति पूर्वक आयोजन में प्रशासन के सहयोग करने को कहा । पुलिस अधीक्षक ने कहा कि पुलिस प्रशासन त्योहारों को शांतिपूर्वक मनाने के लिए हर संभव प्रयासरत है एवं हुड़दंग करने व कानून व शांति व्यवस्था बिगाड़ने वालो पर नियमानुसार सख्त कार्यवाही भी की जाएगी । जिला कलक्टर व पुलिस अधीक्षक ने शुक्रवार को डीओआईटी विभाग के वीसी कक्ष से जिले के समस्त उपखंड क्षेत्र के प्रशासन व पुलिस अधिकारियों के साथ बैठक की । मोदी ने अधिकारियों से आगामी धार्मिक आयोजनों को लेकर निर्धारित एसओपी की पालना करवाने एवं कार्यक्रमों को शांतिपूर्ण आयोजित कराने के निर्देश दिए । उन्होंने निर्देश दिए कि कानून व शांति व्यवस्था एवं सांप्रदायिक सोहार्द बनाए रखने के लिए प्रशासन व पुलिस के अधिकारी संयुक्त रुप से रूट की विजिट करें एवं आयोजकों से समन्वय बनाकर कार्यक्रम की विस्तृत जानकारी ले । जिला कलक्टर ने समस्त प्रशासनिक व पुलिस अधिकारियों से बात कर आगामी आयोजित होने वाले कार्यक्रमों की जानकारी ली एवं आवश्यक दिशा निर्देश दिए । पुलिस अधीक्षक ने पुलिस अधिकारियों को निर्देश दिए कि कानून व शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए जुलूस ,शोभायात्रा के समय अलर्ट मोड पर रहे एवं आयोजित होने वाले कार्यक्रमों की संपूर्ण वीडियोग्राफी कराएं । उन्होंने कहा कि सांप्रदायिक सौहार्द बनाए रखने के लिए पुलिस अधिकारी पर्याप्त जाब्ते के साथ हर आवश्यक कदम उठाए । बैठक में एडीएम प्रशासन राजेश गोयल, एडीएम सिटी एनके राजोरा, सहित पुलिस प्रशासन के अधिकारी मौजूद रहे ।

## आत्महत्या प्रकरण में दोषियों की गिरफ्तारी की मांग, सौंपा ज्ञापन

**भीलवाड़ा ■ संवाद सूत्र**
जिले के जहाजपुर क्षेत्र में झालरा के धर्मराज गाडरी की आत्महत्या का मामला अब गर्माता जा रहा है। विश्व हिन्दू परिषद, बजरंग दल, देवसेना एवं समस्त गाडरी समाज ने आज मुख्यमंत्री के नाम जिला पुलिस अधीक्षक आदर्श सिधु एवं एडीएम सिटी एनके राजौरा को ज्ञापन दिया। इसमें पुलिस-प्रशासन को चेतावनी दी गई कि तीन दिन में आरोपित की गिरफ्तारी नहीं हुई तो आंदोलन किया जाएगा। अखिल भारतीय मेवाड़ा गाडरी युवा महासभा के संभागीय अध्यक्ष, देवसेना के युवा जिलाध्यक्ष भैरूलाल गाडरी तथा विहिप के बद्रीलाल सोमानी के नेतृत्व में सभी लोग कलेक्ट्रेट के सामने मुखर्जी पार्क में एकत्र हुए। उन्होंने अब तक पंडेर पुलिस द्वारा आरोपित के खिलाफ कार्रवाई नहीं किए जाने पर नाराजगी जताई। ज्ञापन में कहा गया कि झालरा के धर्मराज गाडरी पुत्र जीतमल गाडरी ने 7 अप्रेल 2022 को आत्महत्या कर ली थी। इस संबंध में थाना पंडेर में मुकदमा नंबर 53/22 दर्ज है। ज्ञापन में आरोप लगाया कि धर्मराज की आत्महत्या का आरोपित भीमपुरा (शाहपुरा) निवासी मुस्ताक खान है, जिसने मृतक की पत्नी को बेगम बनाने की बात कहते हुए धर्मराज को जान से मारने की धमकियां दीं। ज्ञापन में मुख्यमंत्री से आरोपित को तत्काल गिरफ्तार कर कड़ी सजा दिलाने, मृतक के पुत्र नाम की शिक्षा-दीक्षा व लालन-पालन की व्यवस्था कराने, पत्नी को योग्यतानुसार सरकारी नौकरी देने की मांग की गई। समाज ने यह भी कहा कि मृतक धर्मराज अपने माता-पिता की इकलौती संतान थी। ऐसे में धर्मराज के वृद्ध व असहाय माता-पिता को 50 लाख रुपए की आर्थिक सहायता दी जाए। ज्ञापन में मांग की गई कि आरोपी मुस्ताक खान ने ऐसा जघन्य अपराध कर शिक्षक पद की गरिमा को भंग किया है, इसलिए उसे शिक्षक पद से तुरंत बर्खास्त किया जाए। इस दौरान गाडरी समाज के युवा जिलाध्यक्ष रामचंद्र रूपपुरा, वरिष्ठ समाजसेवी कैलाश गाडरी, गोपाल गाडरी, उदयलाल गाडरी, किशनलाल गाडरी, राधेश्याम गाडरी आटूण सहित अनेक लोग उपस्थित थे।

## फटाफट

### चम्बल की टूटी पड़ी पाइप लाइनों को दुरूस्त कराये प्रशासन : जाजू

**भीलवाड़ा।** जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग की घोर लापरवाही व अनदेखी के चलते नगर परिषद क्षेत्र में सैकड़ों स्थानों पर टूटी हुई पाईप लाईनों व अनेक जगह पानी की सप्लाई वाली लाईन से फव्वारे के रूप में व रिस-रिसकर निरंतर पानी व्यर्थ बह रहा है तथा अनेक जगह नल के टोंटियां नही है जिससे चम्बल का साफ पानी नालियों में बहता दिखाई दे रहा है। पर्यावरणविद् बाबूलाल जाजू ने बताया कि विभाग को सूचना देने के बावजूद अनेक बार कई दिनों तक उसे ठीक नहीं करने से अनमोल लाखों लीटर पानी प्रतिदिन पिछले कई वर्षो से व्यर्थ नालियों में बह रहा है वहीं दूसरी ओर अनेक कॉलोनियों को चम्बल का पानी सरकार व संविधान की मंशा के अनुरूप उपलब्ध नहीं हो रहा है।

### क्रिश्चियन समाज ने मनाया गुड फ्राइडे



**भीलवाड़ा।** क्रिश्चियन समाज गुड फ्राइडे के रूप में मनाता है इस दिन प्रभु यीशु मसीह को क्रूस पर चढ़ाया गया था क्रिश्चियन सेवा समिति के अध्यक्ष गुडविन मसीह ने बताया कि शहर के सभी 12 चर्चों में सुबह से ही विशेष प्रार्थना सभाएं शुरू होती है जो दोपहर तक चलती है। चर्च सदस्य उपवास रखकर आते हैं जब प्रभु यीशु मसीह को क्रूस पर चढ़ाया गया तो उन्होंने क्रूस पर से सात वचन कहे थे सभी चर्चों में क्रिश्चियन धर्म गुरुद्वारा उन सात वचनों पर पवित्र बाइबल से संदेश दिया। प्रभु यीशु मसीह को जिन लोगों ने क्रूस पर चढ़ाया वह कई प्रकार की यातनाएं दी उनके सर पर कांटों का ताज पहनाया उनके सीने में भला मारा परंतु प्रभु यीशु मसीह ने उन्होंने कुछ नहीं कहा और उन्हें माफ किया और कहां है स्वर्गीय पिता इन्हें माफ करना क्योंकि यह नहीं जानते कि यह क्या कर रहे हैं यह संदेश उन्होंने आपके लिए और हम सब के लिए दिया कि हमें हमेशा उदार मन रखकर अपने दुश्मनों से भी प्रेम रखना चाहिए ।

## रामभक्त हनुमान का आज हर्षोल्लास के साथ मनाया जाएगा जन्मोत्सव

जिलेभर में शोभायात्रा, छप्पनभोग और भण्डारे के होंगे आयोजन।



**भीलवाड़ा ■ संवाद सूत्र**
शहर सहित जिलेभर में शनिवार को हनुमान जन्मोत्सव धूमधाम से मनाया जाएगा। कई स्थानों पर जन्मोत्सव से पूर्व कार्यक्रम शुरू हो गए हैं। जन्मोत्सव पर हनुमान लला की प्रतिमा की आकर्षक सजावट के साथ ही सामूहिक हनुमान चालीसा पाठ, हवन एवं भंडारे, महाआरती के बाद प्रसाद वितरण, अखाड़ा प्रदर्शन, शोभायात्रा निकालने सहित कई आयोजन होंगे। शहर के मुख्य बाजार बालाजी मार्केट में स्थित पेच के बालाजी मंदिर में श्री हनुमान जन्मोत्सव का त्रिदिवसीय उत्सव रामचरितमानस के अखंड रामायण पाठ से मंगलाचरण उपरांत पंडित आशुतोष शर्मा के सानिध्य में शुरू हुआ। 21 विद्वान पाठ प्रेमी भक्तों ने भाग लिया। पाठ मध्याह्न तक चलेगा। जन्मोत्सव को लेकर संपूर्ण मंदिर परिसर में और बाहर मार्केट में आकर्षक विद्युत सज्जा की गई है। वृंदावन से आए कलाकारों द्वारा फूल बंगले बनाने की तैयारी आरंभ कर दी गई है। 21 बोरी शक्कर की नुक्ति का प्रसाद निर्माण भट्टी पूजन उपरान्त आरंभ कर दिया है। सैकड़ों हलवाई लगे हुए हैं। भक्तों को नुक्ती प्रसाद व्यवस्थित रूप से वितरण हो इसके लिए कार्यकर्ताओं को जिम्मेदारी सौंपी गई है। पंडित आशुतोष शर्मा ने बताया कि शनिवार को सुबह ६:१५ बजे मंदिर शिखर पर ध्वज स्थापना, अखंड हनुमान चालीसा पाठ, ८:३० बजे हनुमान जी का वाल्मिकी सुंदरकांड द्वारा दुग्धाभिषेक, दोपहर १२ बजे हनुमान जी को स्वर्ण चोला एवं छप्पन भोग, जन्मोत्सव महाआरती दर्शन एवं प्रसाद वितरण, शाम ६ बजे से फूल मंडली में विराजित श्री हनुमान जी महाराज के दर्शन, विभिन्न गायक कलाकारों द्वारा हनुमान चालीसा का पाठ सहित अन्य कार्यक्रमों में सभी श्रद्धालुओं से सपरिवार भाग लेने का आग्रह किया है। तेजाजी चौक स्थित रपट के बालाजी मंदिर में शुक्रवार को हनुमान जन्मोत्सव के उपलक्ष में प्रतिमा का श्रृंगार करने के साथ ही रजत चोला चढ़ाया गया। इससे पूर्व भक्तों ने प्रतिमा का अभिषेक किया। महंत बलरामदास के सानिध्य में जन्मोत्सव के तहत शनिवार शाम 4:15 बजे तेजाजी चौक से विशाल शोभायात्रा निकाली जाएगी। शोभा यात्रा के दौरान अखाड़ा संचालक प्रकाश धोबी की देखरेख में अखाड़ा प्रदर्शन भी होगा। यात्रा में राम लक्ष्मण जानकी माता की झांकी आकर्षण का केन्द्र रहेगी। घोड़ों पर युवा सवार होंगे। बग्गी में संतजन सवार होंगे। बैलगाड़ी में भजन मंडली भजन गाएगी। बैंड बाजों के साथ युवा नृत्य करते हुए चलेंगे। शोभायात्रा में युवा बड़ी संख्या में भाग लेंगे। शोभायात्रा खेड़ाकूट माताजी, बड़ला चौराहा, जंगजीत महादेव, सिटी कोतवाली, राजेंद्र मार्ग रोड, मुरली विलास रोड, रेलवे स्टेशन होते हुए गोल प्याऊ चौराहा, नेताजी सुभाष मार्केट, महाराणा टॉकीज, गुलमंडी, हिंदू महासभा कार्यालय, बड़ा मंदिर, धानमंडी, राधा कृष्ण मंदिर में आरती के बाद तेजाजी चौक के लिए रवाना होगी। अंत में आतिशबाजी के साथ कार्यक्रम का समापन होगा। रीको एरिया में तीन नंबर चौराहे पर परिवहन कार्यालय के समीप स्थित श्री पंचमुखी बालाजी मंदिर में शुक्रवार को हनुमान जन्मोत्सव शुरू हुआ। पहले दिन हनुमान जी महाराज का सूखे मेवे का श्रृंगार किया। पुजारी मूरारी पांडे ने बताया की मंदिर में हनुमान जन्मोत्सव की तैयारियां महंत जमुना दास महाराज के सानिध्य में चल रही है। हनुमान जन्मोत्सव पर छप्पन भोग लगाया जाएगा। भोजन प्रसादी को लेकर 4 दिन से 10 हलवाईयों की टीम आश्रम पर प्रसाद बनाने में जुटी है। जन्मोत्सव के तहत शनिवार सुबह ११:१५ बजे हनुमान जी महाराज का ध्वज स्थापित होगा । दोपहर २ बजे से संत शिरोमणि मानस मंडल द्वारा संगीतमय सुंदरकांड पाठ होगा। दोपहर 2 बजे ही छप्पन भोग की झांकी सजाई जाएगी और शाम को 5 बजे आरती के बाद में सभी भक्तों को भंडारे के तहत भोजन प्रसाद कराया जाएगा भंडारा होगा। नौगांवा में संचालित माधव गौशाला परिसर के सांवलिया सेठ मंदिर में 16 अप्रैल शनिवार चैत्र शुक्ला पूर्णिमा विक्रम संवत 2079 को श्री हनुमान जन्मोत्सव धूमधाम से मनाया जाएगा। वीर हनुमान मंदिर वीर सावरकर चौक में 16 अप्रेल शनिवार को हनुमान जन्मोत्सव धूमधाम से मनाया जाएगा। इस दिन दोपहर 12 बजे महाआरती के बाद मिश्री मावे का प्रसाद वितरित किया जाएगा। संजय कॉलोनी स्थित श्री गुरु बजरंग आशीर्वाद मंदिर व संकट मोचन बालाजी मंदिर में शनिवार को हनुमान जन्मोत्सव पर सुबह 8.15 बजे क्षेत्र की 101 महिलाएं लाल चुनर में कलश यात्रा निकालेंगी। इस दौरान अखाड़ा प्रदर्शन का आयोजन भी होगा। यात्रा मंदिर से शुरू होकर शहर की कई कॉलोनियों से होते हुए वापस मंदिर पहुंचेगी। शाम 5 बजे से भंडारे का आयोजन किया जाएगा।

## सुर्खियां

### 51 किलो केक व 2500 किलो काजू कतली का भोग

**भीलवाड़ा।** प्रभु श्रीराम के अनन्य भक्त श्री संकट मोचन हनुमान जी का जन्मोत्सव 16 अप्रैल को हनुमान जन्मोत्सव पर 16 अप्रैल को सुबह हनुमानजी के स्वर्ण चोला श्रृंगार में दर्शन होंगे। विभिन्न तरह के करीब एक हजार किलो फूलों से मंदिर में सजावट की जा रही है। दोपहर 12 बजे महाआरती के बाद 51 किलो मिल्क केक व 2500 किलो काजू कतली का भोग लगाकर भक्तों में प्रसाद बांटा जाएगा। शनिवार रात 8 बजे श्रीराम मंडल सेवा संस्थान के सदस्य सुंदरकांड पाठ करेंगे। चौदह साल पहले काजू कतली भोग का सिलसिला अनवरत जारी है। 50 हलवाई 2500 किलो काजू कतली प्रसाद तैयार करने में जुटे है। इसके लिए 1500 किलो काजू, 1000 किलो शक्कर व 200 ग्राम केसर उपयोग में ली जा रही है।

### क्यारा का बालाजी पर हवन व सुंदरकांड पाठ आज

**भीलवाड़ा।** हनुमान जन्मोत्सव पर 16 अप्रैल को पुर स्थित क्यारा के बालाजी महाराजाधिराज का भव्य श्रृंगार किया जायेगा। उसी दिन सुबह 7 बजे संगीतमय सुंदरकांड पाठ, दोपहर 12 बजे हवन तथा हवन के पश्चात प्रसाद का भोग लगेगा। क्यारा के बालाजी मंदिर ट्रस्टी नरेश उपाध्याय ने बताया कि दोपहर महिला मंडल पुर द्वारा सत्संग एवं भजन होंगे। पूरण दास जी की बगीची स्थित एकादश हनुमान मंदिर पर शनिवार को सुबह हनुमान महाराज का अभिषेक होगा। महंत आशुतोषदास जी ने बताया कि दोपहर सवा बारह बजे छप्पन भोग, महाआरती, शाम पांच बजे सुन्दरकाण्ड पाठ होगा। इसी के साथ ही गत दो अप्रैल से चल रही रामधुनी का भी समापन हो जायेगा।

### युवक की संदिग्ध मौत

**भीलवाड़ा।** शहर के भवानीनगर के एक युवक की बीती रात गांधी पार्क में अचानक तबीयत बिगड़ने के बाद मौत हो गई। दरअसल, भवानीनगर निवासी कुलदीप पुत्र कृष्णकांत बांकलीवाल गुरुवार देर शाम गांधी पार्क गया था। जहां उसकी अचानक तबीयत बिगड़ गई। कुलदीप को महात्मा गांधी अस्पताल ले जाया गया, जहां डॉक्टर्स ने उसे मृत घोषित करदिया। शव का शुक्रवार सुबह पोस्टमार्टम करवाया गया।

### 17 मवेशियों को करवाया मुक्त, चालक गिरफ्तार

**भीलवाड़ा।** जिले की बिजौलियां पुलिस ने एक पिकअप में ठूंस-ठूंस कर क्रूरतापूर्ण तरीके से भरे गये 17 पशुओं को मुक्त करवाते हुये चालक को गिरफ्तार किया है। बिजौलियां पुलिस के मुताबिक गुरुवार को पुलिस ने मालीपुरा क्षेत्र में एक पिकअप को रोका। उसमें 17 पशुओं को क्रूरतापूर्ण ढंग से भरा हुआ था। इन पशुओं में 14 पाड़े व 3 भैंसे थी। पुलिस ने पशुओं को मुक्त करवाते हुये पशु क्रूरता अधिनियम के तहत केस दर्ज कर चालक नुरुद्दीन को गिरफ्तार कर लिया।

## समाचार-आसपास

### गर्मी और लू के चलते अब 5वीं और 8वीं बोर्ड परीक्षाएं अब 1 बजे तक

**भीलवाड़ा।** प्रदेश में अत्यधिक गर्मी व लू को देखते हुए प्रारंभिक शिक्षा निदेशालय ने प्राथमिक शिक्षा अधिगम स्तर मूल्यांकन (पाँचवीं बोर्ड ) परीक्षा का समय प्रातः 7:30 से 10 बजे तक व प्रारंभिक शिक्षा पूर्णता प्रमाण पत्र (आठवीं बोर्ड) परीक्षा का समय प्रातः10:30 से दोपहर 1 बजे तक किया है। इसके आदेश प्रारंभिक शिक्षा (पंचायती राज ) बीकानेर निदेशक कानाराम ने आदेश जारी किए। समय परिवर्तन पर समग्र शिक्षक संघ के जिलाध्यक्ष रामधन बैरवा ने शिक्षा मंत्री एवं निदेशक प्रारंभिक शिक्षा (पंचायती राज ) का आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि इससे विद्यार्थियों को तेज धूप व लू से निजात मिलेगी तथा अभिभावकों की चिन्ता दूर हुई है।

### समाज कंटकों ने तोड़ी कुर्सियां



**भीलवाड़ा।** शहर के आजादनगर एम सेक्टर में नगर विकास न्यास द्वारा निर्मित पार्क में समाजकंटकों के जमावड़ा लगाने से क्षेत्र के लोग परेशान है। कॉलोनी निवासी लीला चेचाणी ने बताया की समाजकंटकों ने पार्क में बैठने की कुर्सियां तक तोड़ दी है। इस संबंध में वार्ड नंबर 23 के पार्षद और नगर परिषद में भी शिकायत की लेकिन कोई समाधान नहीं निकला। क्षेत्र के लोगों ने प्रशासन से इस ओर ध्यान देकर समाजकंटकों से मुक्ति दिलाने की मांग की है।

### खेत पर कार्य करते लगे करंट से वृद्ध की मौत

**भीलवाड़ा।** बोरखेड़ा गांव में विद्युत विभाग की लापरवाही के चलते करंट की चपेट में आने से एक वृद्ध की मौत हो गई। वृद्ध अपने खेत पर तार जाली का कार्य कर रहा था। इसी दौरान खेत से होकर गुजर रही 11 केवी विद्युत लाइन की चपेट में आने से वृद्ध की मौके पर ही मौत हो गई।बड़लियास पुलिस के मुताबिक बोरखेड़ा निवासी गंगाराम पिता नाना बलाई खेत पर कार्य करने गया था, इसी दौरान वह खेत पर लगी तार जाली को लेकर घर आ रहा था, तभी खेत से होकर गुजरते समय 11 केवी विद्युत लाइन के तार नीचे लटके होने के चलते तार जाली का तार विद्युत लाइन को टच हो गया, जिसमें करंट आने से वृद्ध की मौके पर ही मौत हो गइ। वृद्ध घर नहीं पहुंचा तो परिजनों ने उसकी तलाश की तो वह खेत में मृत अवस्था में पड़ा हुआ मिला। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम कर शव परिजनों के सुपुर्द किया।

### नाकाबंदी में एनसीबी ने बरामद किया डेढ़ सौ किलो डोडा-चूरा

**भीलवाड़ा।** कोटड़ी थाना सर्किल में बीती रात नाकाबंदी कर एक वेगन आर कार से नारकोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो (एनसीबी) की टीम ने155 किलो डोडा-चूरा बरामद कर एक आरोपित को डिटेन कर लिया, जबकि इसी दौरान एक ब्रेजा कार एनसीबी की बोलेरो को टक्कर मारती हुई भाग निकली। इस घटना में एनसीबी स्टॉफ के एक-दो लोगों को चोटें भी आई। पकड़ा गया तस्कर अजमेर जिले का बताया जा रहा है।


**टाइटन बायोटेक लिमिटेड**
CIN: L74999RJ1992PLC013387
पंजीकृत कार्यालय: A-902A, रीको औद्योगिक क्षेत्र, फेज- III, भिवाड़ी, राजस्थान-301019, दूरभाष: 011-27674615
ई-मेल: hrd@titanbiotechltd.com, वेबसाइट: www.titanbiotechltd.com

**शेयर प्रमाण पत्र की हानि की सूचना**

एतदद्वारा सूचित किया जाता है कि **टाइटन बायोटेक लिमिटेड** के निम्नलिखित शेयर प्रमाणपत्र जो कंपनी द्वारा जारी किए गए थे गुम या चोरी हो गए हैं और उक्त शेयर प्रमाणपत्र के पंजीकृत धारक / दावेदार ने डुप्लिकेट शेयर प्रमाणपत्र जारी करने के लिए कंपनी में आवेदन किया है।

| क्रम सं. | नाम और फ़ोलियो नं. | प्रमाण पत्र सं | डिस्टिंक्टिव नं. | इक्विटी शेयरो की सं. |
|---|---|---|---|---|
| 1. | पवन जैन<br>18723 | 9206-9207<br>24663 | 901071-901270<br>2446771-2446870 | 200<br>100 |

किसी भी व्यक्ति जिनके पास इस तरह के शेयर प्रमाणपत्रों के संबंध में कोई दावा करता है, इस नोटिस के प्रकाशन के 5 दिनों के भीतर कंपनी के साथ लिखित रूप में इस तरह के दावे को दर्ज करना चाहिए, जिसके बाद कोई दावा नहीं किया जाएगा और रजिस्ट्रार डुप्लीकेट प्रमाण पत्र जारी करने के लिए आगे बढ़ेगे।

कृते टाइटन बायोटेक लिमिटेड
के लिए और उनकी ओर से
हस्ता/-
चरणजीत सिंह
कंपनी सचिव

दिनांक : 15-04-2022
स्थान : दिल्ली